सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-156**
28/03/2018

बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना कॉरपोरेशन लिमिटेड, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, बेल्ट्रॉन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया अंशदान

पटना 28 मार्च, 2018 :– विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री के कार्यालय कक्ष में आज बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार ने एक करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की तरफ से पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा ने तीन करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

बेल्ट्रॉन की तरफ से विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रबंध निदेशक बेल्ट्रॉन श्री राहुल सिंह ने दो करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी की तरफ से उद्योग मंत्री श्री जय कुमार सिंह ने एक करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की।

******